इतिहास एवं राजनीति विज्ञान के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी

जयपुर। श्याम अवस्थी

श्री राधा गोविन्द राजकीय महाविद्यालय कंवर नगर, ब्रहापुरी, जयपुर (राजस्थान) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध) इतिहास एवं राजनीति विज्ञान के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सुमन भाटिया ने बताया कि सहशिक्षा आधारित इस महाविद्यालय मे इतिहास एवं राजनीति विज्ञान विषय हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 28.08.2024 (बुधवार) से प्रारम्भ हो जायेगी। ई-मित्र पर जाकर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 11.09.2024 (बुधवार) है। अन्तिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन दिनांक 17.09.2024 (मंगलवार) को होगा तथा अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाण पत्रों की जांच करवाने की अन्तिम तिथि दिनांक 21.09.2024 (शनिवार) है। अभ्यर्थियों द्वारा ई-मित्र पर शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि 23.09.2024 (बुधवार) है। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रथम प्रकाशन दिनांक 25.09.2024 (बुधवार) को होगा ।